फाईल संख्या–4/4/2017-चयन पद परीक्षा (म.प्र.क्षे.)
दिनांक– 29/11/2019

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग
(मध्य प्रदेश क्षेत्र)
कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
जे–5, अनुपम नगर, रायपुर (छ.ग.)–492 007

Government of India
STAFF SELECTION COMMISSION (MPR)
M/o-Personnel, Public Grievances & Pensions
J-5, Anupam Nagar, Raipur (C.G.)-492 007
Phone-2282507, 2282678, Fax:0771-2282678

ज्ञापन

विषय : **चयन पद- फेस-VI/2018- दस्तावेज़ जांच के संबंध में ।**

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा आयोजित की गई चयन पद के लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर दस्तावेज जॉच का कार्यक्रम किया जाना है। **अभ्यर्थियों की सूची इस ज्ञापन के साथ संलग्न है।** जिसका तिथि एवं समय निम्नानुसार है:

दस्तावेज जॉच की तिथि एवं दिन	04.12.2019, बुधवार
रिपोर्टिंग समय–	प्रातः 09:30 बजे
स्थल–	जे –5, अनुपम नगर, कर्मचारी चयन आयोग, रायपुर

2. दस्तावेज जॉच के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक सेट स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से लाना है :–

i) बोर्ड द्वारा जारी किया गया मैट्रिक (10 वीं) एवं हायर सेकेण्डरी (12 वीं) की अंक सूची एवं प्रमाण पत्र । मैट्रिक अंक सूची/प्रमाण पत्र में जन्म तिथि अंकित होनी चाहिए । स्कूल के प्राचार्य द्वारा इस संबंध में जारी किया प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा ।

ii) परीक्षा की विज्ञप्ति में दिए अनुसार अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताओं (आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर आदि) के समर्थन में प्रमाण, जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की अंक सूची, उपाधि प्रमाण पत्र (डिग्री)/डिप्लोमा प्रमाण पत्र आदि होने चाहिए । अंक सूचियों में प्रत्येक वर्ष अध्ययन किये गए विषयों का उल्लेख हो । यदि स्नातक/स्नाकोत्तर में प्रदान किए गए अंक ग्रेड/सीजीपीए पर आधारित हो तो अध्ययन किए गए विश्वविद्यालय से ग्रेड/सीजीपीए को प्रतिशत में परिवर्तित करने का सूत्र या ग्रेड/सीजीपीए अंक को प्रतिशत में परिवर्तित कर प्रमाण प्रस्तुत करें।

iii) अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अपिव/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबद्ध होने की स्थिति में परीक्षा की विज्ञप्ति में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रमाण पत्र। अन्य किसी प्रारूप में प्रस्तुत प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा ।

iv) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंध होने की स्थिति में अपने दावे के सर्मथन में 'पूर्ण सेवा मुक्ति प्रमाण पत्र' ।

v) अगर आप रक्षा/सीमा सुरक्षा बल के विकलांग कार्मिक हैं, तो आवश्यक ' विकलांगता प्रमाणपत्र' जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

vi) कार्य अनुभव का प्रमाण–यदि आप कार्य अनुभव का दावा करते हैं तो उसकी पुष्टि/समर्थन में संबंधित संस्था द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण पत्र। अनुभव प्रमाण पत्र के रूप में केवल– नियुक्ति पत्र/पद ग्रहण पत्र/संस्था का पहचान पत्र अथवा वेतन पर्ची को दावे के सर्मथन में पर्याप्त नहीं माना जाएगा ।

vii) अन्य कोई संबंधित योग्यता, जैसे– तकनीकी या व्यावसायिक पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण, भागीदारी, प्रस्तुतिकरण, प्रतियोगिता, सम्मान, विशेष उपलब्धियों आदि के समर्थन में प्रमाण पत्र ।

3. आपकी अभ्यर्थिता पूर्णतः अनंतिम (Provisional) है। इसलिए आपको यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप परीक्षा की नोटिस में दी गई पात्रता की सभी शर्तों को पूर्ण करते हैं। यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि आप पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो आपकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा ऐसे निरस्तीकरण के

विरुद्ध कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलावा से आपको ऐसा कोई अधिकार नहीं मिल जाता है, जिससे कि नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु हर तरह से पात्र समझा जाए।

4. दस्तावेज सत्यापन की तिथि, समय और स्थान अपरिवर्तनीय है और इसमें परिवर्तन के किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि आप दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित नहीं हो पाते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि आप इस पद के लिए इच्छुक नहीं हैं और आपकी अभ्यर्थिता 'निरस्त' मानी जाएगी। इस संबंध में आगे कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

5. चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह से सिफारिश/अनैतिक आचरण/प्रचार करने पर अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

भवदीय,

(वी एम पटवा)
उप निदेशक

List of Candidate for Graduate Level Post

S.No.	Roll No.	Reg ID	Name	Date of DV
1	4863000162	61000187943	PANKAJ BHARGAV	04.12.2019
2	4863002314	61001411006	GAMAYOLLA SAINATH	04.12.2019
3	4863002418	61001438775	SANDEEP	04.12.2019
4	4863002455	61001443392	KAWRE PAWAN RAMESH	04.12.2019
5	4863002501	61001460087	AJIT KUMAR SAHU	04.12.2019
6	4863002539	61001475072	SUNIL PANWAR	04.12.2019
7	4863000111	61000141705	DEVENDRA KUMAR CHOUDHARY	04.12.2019
8	4863000261	61000362609	SURESH KUMAR	04.12.2019
9	4863000465	61000793970	RIYAZUDDEEN KHAN	04.12.2019
10	4863000646	61000958560	KISHAN KUMAR SHARMA	04.12.2019
11	4863001899	61001295110	JHUMISHREE MEHER	04.12.2019
12	4863002153	61001365365	DIKSHA NAYAK	04.12.2019
13	4863002300	61001407328	YEDIDA MANASA	04.12.2019
14	4863002439	61001441205	DURGESH KUMAR SAHU	04.12.2019
15	4863002964	61001598311	RAVINDRA MEENA	04.12.2019
16	4863002968	61001599070	ANIL	04.12.2019
17	4863003572	61001753869	SANHITA VIJAY MALVI	04.12.2019